एम.एच.डी.-19

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2021

एम.एच.डी.-19 : हिन्दी दलित साहित्य का विकास

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है ।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *2×10=20*

(क) घृणा तुम्हें मार सकती है
तोड़ सकती है
पर अपने ही दायरे में
ज़िन्दा नहीं रख सकती
ताज़ा हवा देकर
और, नहीं सुना सकती
प्रेम कविता
मौसम के रंगीन पंखों पर बैठाकर !

(ख) इतना भी नहीं जानती
कि मेरिडियन होटलों की बग़ल से
गुज़रने वाली कोई भी सड़क
'जनपथ' नहीं हो सकती
जनपथ तो उन्हें बनाना है
जिनके हाथ में '50-साल'
आज़ादी के बाद भी
तख़्तियाँ दिया जाना शेष है ।।

(ग) क्या आप यही चाहते हैं कि हम जीवन भर गाँव के मरे जानवर ही उठाते रहें । अब समय बदल रहा है, लोग अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर दूसरे कार्य करने लगे हैं । हम दूसरा अन्य कोई भी काम कर अपना पेट भर लेंगे, लेकिन मरा जानवर नहीं उठाएँगे ।

(घ) वह रोने लगी थी । मेरा एस.सी. होना जैसे अपराध था । वह काफ़ी देर सुबकती रही । हमारे बीच अचानक फासला बढ़ गया था । हज़ारों साल की नफ़रत हमारे दिलों में भर गई थी । एक झूठ को हमने संस्कृति मान लिया था ।

2. " 'घृणा तुम्हें मार सकती है' कविता हमारे लोकतांत्रिक और आधुनिक समझे जाने वाले समाज की घृणित सच्चाई को उजागर करती है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *10*

3. "तब तुम्हारी निष्ठा क्या होती ?" कविता में पौराणिक धर्मग्रंथों के छल को उद्घाटित किया गया है, विवेचन कीजिए । *10*

4. 'परिवर्तन की बात' कहानी के माध्यम से वर्चस्ववाद और शोषण की परम्परा के संबंधों को स्पष्ट कीजिए । *10*

5. दलित कहानी की कथावस्तु की आधारभूमि पर अपना मंतव्य स्पष्ट कीजिए । *10*

6. 'सुमंगली' कहानी के आधार पर दलित स्त्री के तिहरे शोषण की समीक्षा कीजिए । *10*

7. दलित कहानी के सौन्दर्यशास्त्रीय प्रतिमानों पर प्रकाश डालिए । *10*